भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2056 #
गुरूवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में पर्यटन सर्किट

2056 # श्री चुन्नीलाल गरासिया:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास राजस्थान राज्य को इको-एडवेंचर सर्किट, मेगा डेजर्ट सर्किट और वन्यजीव पर्यटन सर्किट के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी देने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो यह मंजूरी कब तक प्रदान कर दी जाएगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से और योजना दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है । स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान में 283.47 करोड़ रु. की राशि से 4 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

हाल ही में मंत्रालय ने इस योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 का नया रूप दिया है और राज्य सरकारों के परामर्श से राजस्थान राज्य में 'बूंदी (केशोरायपाटन)' तथा 'जोधपुर' सहित देश में विकास हेतु 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है । मंत्रालय ने 17.37 करोड़ रु. की राशि से 'केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव' नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी है ।

*****

अनुबंध

श्री चुन्नीलाल गरासिया द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2056 # के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के चिह्नित थीमेटिक परिपथों के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**स्वीकृति वर्ष/ थीम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	2015-16/ मरुस्थल परिपथ	जयपुर जिले में सांभर झील शहर और अन्य स्थलों का विकास	50.01
2	2016-17/ कृष्ण परिपथ	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) एवं नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास	75.80
3	2016-17/ आध्यात्मिक परिपथ	आध्यात्मिक परिपथ - 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामन क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी का विकास	87.05
4	2017-18/ विरासत परिपथ	विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में रोशनी) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव) केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास	70.61
		कुल	**283.47**

*****